हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार, 3 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 37.4 डिग्री
न्यूनतम 24.3 डिग्री

11 सफाई ठेका समाप्त होते ही नहरों में गंदगी बढ़ी, प्रदूषण



12 महम में सीएम फ्लाइंग ने पकड़ी नकली देसी घी ...



## खबर संक्षेप

### प्रो. हरीश डीन एकेडमिक अफेयर्स नियुक्त

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एएस मान के अवकाश पर कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्रो. हरीश कुमार को डीन के पद पर नियुक्त किया है। नियुक्ति 31 जुलाई तक की गई है।

### मदविः सेमेस्टर परीक्षा का परिणाम जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने एमए लोक प्रशासन पंचवर्षीय के प्रथम सेमेस्टर की री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### युवक को अवैध शराब सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने युवक को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि पीएसआई विकास के नेतृत्व में पुलिस टीम शास्त्री नगर एरिया के पास गश्त पर मौजूद थी। इस दौरान शास्त्री नगर एरिया के पास से युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान सुनील निवासी टिटौली रोहतक के रुप में हुई। युवक के पास से 16 बोतल शराब, 24 अध्धे व 96 पव्वे शराब बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया गया है।

### ड्रेनों की सफाई के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**रोहतक।** जिलाधीश धर्मेंद्र सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 16 (1) के तहत नगर निगम की परिधि में सीवर-ड्रेन की सफाई कार्य के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए है। जो सफाई का कार्य पूर्ण होने तक जारी रहेंगे। जिलाधीश द्वारा नियुक्त किए गए डयुटी मजिस्ट्रेट का ड्यूटी चार्ट नगर निगम आयुक्त द्वारा तैयार किया जाएगा। उन्होंने नगर निगम के कार्यकारी अभियंता मनजीत दहिया, नवीन धनखड़, सहायक अभियंता सुनील शर्मा, तरूण, सत्यव्रत, वीरेंद्र सिंह, शांत सुहाग एवं संजय बंसल को डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा डयूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिला पुलिस सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा तथा पुलिस बल के प्रभारी निरंतर डयूटी मजिस्ट्रेट के संपर्क में रहेंगे।

### दिव्यांगों के लिए सहायक उपकरण पंजीकरण कैंप आज

**महम।** दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए 3 जुलाई को नगर पालिका कार्यालय महम में एक पंजीकरण कैंप लगाया जाएगा। जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांग जिनको फ्री में उपकरणों की जरूरत है, वे इस कैंप में भाग ले सकते हैं। नगर पालिका महम के उपप्रधान बसंत लाल गिरधर ने बताया कि सुबह 9 बजे शुरू होगा। इस दौरान कृत्रिम अंग व अन्य सहायक उपकरण का रजिस्ट्रेशन करवाया जाएगा।

### 5 से 13 तक एसएसबी गाइडेंस प्रोग्राम

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट फॉर ऑल सर्विसेज के तत्वावधान में 5 से 13 जुलाई तक सॉफ्ट स्किल्स एंड एसएसबी गाइडेंस प्रोग्राम-सेकेंड पार्ट का आयोजन किया जाएगा। यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट की परियोजना निदेशिका प्रो. शालिनी सिंह ने बताया कि यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल, यूटीडी समेत संबद्ध महाविद्यालयों के वर्तमान तथा पूर्व छात्र, जिनके सीडीएस एंट्री, एएफसीएटी एंट्री, एनडीए एंट्री, एनसीसी स्पेशल एंट्री, जेएजी एंट्री, टीजीसी एंट्री तथा टीईएस डायरेक्ट एंट्री के एसएसबी कॉल लेटर आ चुके हैं।

**गलत ऑपरेशन से गई आंख की रोशनी**



**समस्या बताता फरियादी**





**अपनी समस्या रखते फरियादी**



### मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने ग्रीवेंस मीटिंग में 17 शिकायतों का मौके पर निपटारा किया

# फरियादी बोला-गलत ऑपरेशन से गई आंख की रोशनी, मंत्री ने बिठा दी जांच

*जिले में गंभीरता के साथ नागरिकों की शिकायतों का समाधान किया जा रहा*

- सरकार हर महीने परिवेदना समिति की बैठके आयोजित कर नागरिकों को न्याय दिलवाने का कर रही कार्य
- विकास भवन में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा के विकास एवं पंचायत, भूगर्भ एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने जिला प्रशासन व अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि जिला में गंभीरता के साथ नागरिकों की शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। सरकार द्वारा हर माह परिवेदना समिति की बैठके आयोजित कर नागरिकों को न्याय दिलवाया जा रहा है। कृष्ण लाल पंवार बुधवार को जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मीटिंग में 17 शिकायतों का निपटारा मंत्री पंवार द्वारा किया गया।

#### जांच समिति गठित

विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक के एजेंडे में शामिल 15 शिकायतों के अलावा तीन पुरानी शिकायतों की सुनवाई करते हुए 17 शिकायतों का मौके पर निपटारा कर दिया गया तथा एक शिकायत की जांच के लिए अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में जांच समिति गठित करने के निर्देश दिए गए है। इस मामले में शिकायतकर्ता ने आंख में मोतियाबिंद का गलत ऑपरेशन करने का आरोप लगाया है। इस समिति में अतिरिक्त उपायुक्त, सिविल सर्जन तथा आंखों के विशेषज्ञ शामिल होंगे।



रोहतक। परिवेदना समिति की मासिक बैठक में शिकायतों का निपटारा करते विकास एवं पंचायत, भूगर्भ एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार।



परिवेदना समिति की मासिक बैठक में उपस्थित अधिकारीगण। फोटो: हरिभूमि

#### बैंक लोन गारंटी के 5 करोड़ जमा करवाएं

खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने शिकायतकर्ता यशवीर राठी इत्यादि की शिकायत की सुनवाई करते हुए ओमेक्स सिटी के अधिकारियों को एक माह में बैंक लोन गारंटी की 5 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जमा करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने ओमेक्स सिटी के प्रबंध निदेशक के ओएसडी राधे श्याम से इस बारे में शपथ पत्र पर अपने समक्ष हस्ताक्षर करवाए। उन्होंने कहा कि यदि समय पर लोन गारंटी की राशि जमा नहीं करवाई गई तो एफआईआर दर्ज कर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने हिसार जिला के बडछप्पर निवासी राजकुमार की शिकायत की सुनवाई के दौरान पुलिस अधिकारियों को बिल्डर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

#### अवैध कब्जे हटवाना सुनिश्चित किया जाए

मंत्री पंवार ने गांव रिठाल नरवाल में अवैध कब्जों के संदर्भ में कहा कि गांव की फिरनी से 17 अवैध कब्जे हटाए जा चुके है तथा शेष 14 अवैध कब्जों को अगली बैठक तक हटवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बालंद सरपंच नितिन की शिकायत की सुनवाई करते हुए हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी को निर्देश दिए कि वे लगातार पांच दिन संबंधित फैक्टरी के सैंपल लेकर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि गांव वासियों को प्रदूषण से राहत दिलवाई जाएगी। उन्होंने शिकायतकर्ता रणजीत की शिकायत की सुनवाई करते हुए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण व नगर निगम के अधिकारियों को कहा कि वे इस बारे में सरकार को सकारात्मक केस बनाकर भेजे। कलानौर निवासी मूर्ति की लंबित मुआवजा राशि दिलवाने की शिकायत के संदर्भ में अतिरिक्त उपायुक्त से कहा कि आरोपी से बकाया एक लाख रुपए का मुआवजा शिकायतकर्ता को दिलवाया जाए।

**समस्या बताते फरियादी**





#### शिकायतकर्ता को न्याय दिलाएं एसपी

पहरावर निवासी संदीप की शिकायत के संदर्भ में पुलिस उपाधीक्षक से कहा कि शिकायतकर्ता को न्याय दिलवाया जाए। उन्होंने काहनौर निवासी समस्त ऑटो चालकों की बिना परमिट रूट पर बसें चलाने की शिकायत की सुनवाई करते हुए परिवहन महाप्रबंधक तथा क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की सचिव को निर्देश दिए कि वे बसों के रूटों की जांच करें। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि आज की बैठक में सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे तथा भविष्य में भी उच्चाधिकारी इस बैठक में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के उच्चाधिकारियों को इस बैठक में उपस्थिति से छूट दी गई है। क्योंकि विश्वविद्यालय में इलाज के लिए दूर-दूर से नागरिक पहुंचते है।

#### धारकों को प्लॉट उपलब्ध करवाएं

इस मौके पर राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने बहलबा गांव में वाटर वर्क्स के जीर्ण-शीर्ण इनलेट चैनल को शीघ्र ठीक करवाने को कहा ताकि ग्रामीणों को पर्याप्त पेयजल मिल सके। उन्होंने बोहर गांव में 100-100 वर्ग गज के प्लॉट धारकों को अन्य स्थान पर प्लॉट उपलब्ध करवाने की मांग की। वर्तमान में इन प्लॉटों की भूमि पर नगर निगम द्वारा जलघर बनाया गया है।

#### ये रहे मौजूद

बैठक में राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, महम के विधायक बलराम दांगी, जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा, नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद शर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया, एएसपी शशी शेखर, सांपला के उपमंडलाधीश उत्सव आनंद व अन्य प्रशासनिक उच्चाधिकारी, भाजपा के जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल सहित आदि उपस्थित रहे।

**साइबर राहगिरी** टेक्नोलॉजी के साथ साइबर अपराध की वारदातों में आई बाढ़

# पुलिस ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचाव के तरीकों के बारे में किया जागरूक

- साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

एएसपी वाईवीआरशशि शेखर के नेतृत्व में बुधवार को जिला पुलिस द्वारा साइबर राहगिरी के तहत छात्रों को जागरूक किया गया। प्रत्येक थाना में स्थित साइबर हेल्प डेस्क की टीम द्वारा अलग-अलग जगहों पर साइबर अपराध के तरीको बारे जागरुक किया गया। साइबर थाना टीम ने पीजीआईएमएस नर्सिंग छात्रों को साइबर अपराध के बचाव बारे जागरूक किया गया है। साइबर थाना प्रभारी कुलदीप ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि टेक्नोलॉजी के साथ-साथ साइबर अपराध की वारदातों में भी लगातार वृद्धि होती जा रही है। आमजन को अपने चंगुल में फंसाने के लिए अपराधी तरह-तरह के लालच देते हैं और जब व्यक्ति लालच में आ जाता है तो वह साइबर अपराध के चंगुल में फंसने के लिए अपना पहला कदम बढ़ा देता है। इसके पश्चात साइबर ठग उसे झांसा देकर उसके बैंक अकाउंट की डिटेल तथा ओटीपी प्राप्त कर लेते हैं और उसके बाद उसके खाते से पैसे अपने खाते में ट्रांसफर कर लेते हैं। साइबर अपराधी आमजन को अपने चंगुल में फंसाने के लिए व्हाट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक, इंस्टाग्राम इत्यादि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से विभिन्न प्रकार के लॉटरी और गिफ्ट आइटम देने का मैसेज भेजते हैं। इन फ्री के गिफ्ट के लालचवश व्यक्ति इन ठगों की बातों में आकर उनके द्वारा भेजे गए लिंक पर क्लिक कर देते हैं जिसके पश्चात आरोपी उनके मेहनत की सारी कमाई चुटकियों में साफ कर जाते हैं। थाना सिविल लाइन की टीम ने विधार्थियो को कहा कि किसी भी प्रकार की लॉटरी या फ्री गिफ्ट आइटम के लालच में न आएं और अपने अकाउंट, एटीएम कार्ड, पिन नंबर, ओटीपी व अपनी निजी जानकारी किसी के साथ साझा ना करें। किसी भी तरह की साइबर ठगी की घटना घटित हो जाती है तो इसकी सूचना तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करें।



रोहतक। पीजीआईएमएस नर्सिंग छात्रों को साइबर अपराध के बचाव के बारे में जागरूक करते पुलिस अधिकारी।

### आगे बढ़ें और उदाहरण प्रस्तुत करें की थीम पर कार्य करेगा इनर व्हील क्लब

**रोहतक।** समाजसेवा के कार्यों में अग्रणी इनर व्हील क्लब इस वर्ष आगे बढ़े और उदाहरण प्रस्तुत करें की थीम पर कार्य करेगा। डॉक्टर दिवस पर क्लब की बैठक में इस दिशा में पूरी रूपरेखा नई प्रेसिडेंट डॉक्टर कमलेश मलिक के नेतृत्व में तैयार की गई। डॉक्टर दिवस की संध्या पर क्लब की नई कार्यकारिणी ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। इससे पहले इनर व्हील क्लब ने डॉक्टर दिवस की संध्या पर शहर के प्रमुख डॉक्टर को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया।

इनर व्हील क्लब की नई प्रेसिडेंट डॉक्टर कमलेश मलिक का पूर्व प्रेसिडेंट ने विधिवत इंस्टॉलेशन सेरेमनी के तहत पदभार ग्रहण करवाया। कार्यक्रम की शुरूआत में ही क्लब के एग्जीक्यूटिव सदस्यों ने आगे के रोडमैप को सफल बनाने हेतु सुझाव भी प्रस्तुत किए। क्लब ने डॉक्टर दिवस पर प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं पूर्व वाइस चांसलर डॉ मारकंडेय आहूजा एवं नरूला डायग्नोस्टिक सेंटर के डायरेक्टर डॉ अरुण नरूला को विशेष रूप से सम्मानित किया।



रोहतक। लावारिस पीड़ित पशु सेवा संघ गोशाला में हरा चारा और दवाइयों का वितरण करते रोटरी क्लब ऑफ रोहतक सफायर के पदाधिकारी।

### रोटरी क्लब रोहतक सफायर ने गोशाला में वितरित किया हरा चारा और दवाइयां

**रोहतक।** नववर्ष के पहले दिन रोटरी क्लब ऑफ रोहतक सफायर ने मानवता और सेवा के संदेश के साथ अपने पहले सेवा प्रोजेक्ट की शुरुआत की। क्लब द्वारा दिल्ली रोड स्थित लावारिस पीड़ित पशु सेवा संघ गोशाला में हरा चारा और दवाइयों का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब के प्रधान रोटेरियन विजय तायल की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। एसिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन विनोद जैन, क्लब के सचिव नीतिन तायल, कोषाध्यक्ष रोटेरियन विकास कंसल, रोटेरियन विनय गोयल, व अन्य सभी सदस्यों ने गोशाला करते हुए गऊमाता को चारा खिलाया और चार ट्रॉली हरे चारे का दान गौशाला को भेंट किया। रोटेरियन अनिल बंसल के सौजन्य से बीमार पशुओं के इलाज हेतु आवश्यक दवाइयां भी प्रदान की गईं। इस सेवा कार्यक्रम में दिनेश तायल, अनिल बंसल, संजय गोयल, रमेश रोहिल्ला, बालकिशन, विनोद सैनी, प्रदीप ऐरन, संजय पारिख, सुनील जैन, सुशील गर्ग, कुलदीप गुप्ता सहित अनेक सदस्यगण उपस्थित रहे। क्लब के मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि रोटरी क्लब समाज सेवा के कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है।

## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के साथ की बैठक

**रोहतक।** एसपी नरेंद्र बिजारणिया ने बुधवार को कार्यालय पुलिस अधीक्षक स्थित सभागार में पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ बैठक की। बैठक में सहायक पुलिस अधीक्षक वाईवीआर शशि शेखर भी मौजूद रहे है। एसपी ने सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों-कर्मचारियों की समस्याओं को सुना गया। पुलिस विभाग से संबंधित समस्याओं को मौके पर ही निवारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया गए।

### अरावली की जंगल सफारी बनेगी जी का जंजाल

**रोहतक।** प्रदेश सरकार द्वारा अरावली क्षेत्र में 10 हजार एकड़ भूमि में जंगल सफारी बनाने की योजना प्राणी जगत, मनुष्य, पक्षी पशु वन्य जीवों व वनस्पति के लिए घातक सिद्ध होगी। सरकार इको टूरिज्म को बढ़ावा देकर पैसा कमाने के लिए यह योजना बना रही है। जिससे परिस्थितिकी तंत्र को बहुत बड़ा व अपूरणीय हानि होगी। वन्य जीवों के प्राकृतिक आवास समाप्त होने, लुप्त प्राय वन्य जीवों के समाप्त होने, भूमि का प्राकृतिक स्वरूप बिगड़ने व वनस्पति कम होगी उसका खामियाजा एनसीआर क्षेत्र व अन्य निकटवर्ती लोगों को भुगतना पड़ेगा।

### आरडब्लयूए सुभाष नगर ने किया पौधरोपण

**रोहतक।** पेड़ नहीं, ये हमारी ज़िंदगी हैं इसी संदेश को आत्मसात करते हुए आरडब्लयूए सुभाष नगर के सदस्यों ने वन महोत्सव के दूसरे दिन पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल की। पर्यावरण संरक्षण समिति के सदस्य राजेन्द्र प्रसाद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में राधे राधे पार्क में किया गया, जहां समाजसेवा में सदैव तत्पर रहने वाले सदस्यों ने मिलकर पौधारोपण किया।

## माता लक्ष्मी के समुद्र मंथन से जन्म लेने की कथा सुन भक्ति में डूबे भक्त


# शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन हुआ गणेश-लक्ष्मी के जन्म की कथा का वर्णन

हरिभूमि

- शाम को मंदिर परिसर भक्ति भाव और शिव संकीर्तन से गूंज उठता है
- शिव महापुराण कथा में भक्तों का तांता लगा है

न्यूज ▶▶| रोहतक

शिवालय मंदिर, पाडा मोहल्ला (पटवारखाना के निकट) में चल रही सात दिवसीय शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक और धार्मिक अनुभवों से भरपूर कथा का श्रवण किया। कथा वाचक श्रीधाम वृंदावन से आए श्री कृष्ण सन्देश महाराज ने इस अवसर पर भगवान गणेश और माता लक्ष्मी के जन्म की कथा सुनाते हुए श्रद्धालुओं को उनके महत्व और जीवन से जुड़ी प्रेरणाओं से अवगत कराया।

रोहतक। सात दिवसीय शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन प्रवचन देते कथावाचक श्री कृष्ण सन्देश जी महाराज और मौजूद श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

कथा में बताया गया कि भगवान गणेश का जन्म माता पार्वती द्वारा गंध के माध्यम से हुआ था और उन्होंने शिव के आदेश पर समस्त विघ्नों को हरने वाले के रूप में पूजा का प्रथम अधिकारी बनने का गौरव प्राप्त किया। माता लक्ष्मी के समुद्र मंथन से जन्म लेने की कथा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को अध्यात्मिक ऊर्जा और जीवन के सद्गुणों की प्रेरणा दी। इसके साथ ही सृष्टि की उत्पत्ति की व्याख्या करते हुए कथा वाचक ने बताया कि ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों की संयुक्त शक्तियों से सृष्टि की रचना हुई और किस प्रकार संपूर्ण ब्रह्मांड का संचालन ईश्वरीय योजनाओं के अनुसार होता है।

कथा के दौरान हिरण्यकश्यप और प्रह्लाद की कथा भी सुनाई गई, जिसमें अधर्मी पिता और भक्त पुत्र के बीच धर्म और अधर्म का संघर्ष तथा भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार की कथा ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। यह कथा बताती है कि सच्चे श्रद्धा और विश्वास पर अंततः ईश्वर की कृपा अवश्य प्राप्त होती है। इस महापुराण आयोजन का संयोजन समस्त पाडा मोहल्ला निवासी व भक्तजनों द्वारा मिलकर किया जा रहा है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में प्रतिदिन कथा में भाग ले रहे हैं और शाम को मंदिर परिसर भक्ति भाव और शिव संकीर्तन से गूंज उठता है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और पुण्य लाभ प्राप्त करें। कथा का समापन आगामी दो दिनों में हवन व भंडारे के साथ किया जाएगा।

## नगर निगम की अनदेखी से लोग परेशान

# वार्ड-20 में कूड़े के ढेर बने बीमारी का कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वार्ड नंबर 20 स्थित डबल फाटक क्षेत्र में गंदगी का अंबार आमजन के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। इस रिहायशी इलाके में कूड़े के ढेर दिनों-दिन बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन नगर निगम प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। क्षेत्र में रहने वाले लोगों के अनुसार यहां कई कॉलोनियों के लोग रोज़ाना आते-जाते हैं, लेकिन जगह-जगह बिखरे कूड़े और बदबू के कारण रास्ते से गुजरना भी दूभर हो गया है।

पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के समाजसेवी जसबीर कुमार ने बताया कि बारिश के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती है। जलभराव के कारण कूड़े की सड़ांध और कीचड़ से बीमारियों के फैलने का खतरा लगातार बना रहता है। मच्छर, मक्खियों और दुर्गंध से परेशान स्थानीय लोगों का जीना मुश्किल हो चुका है। क्षेत्रवासियों ने कई बार नगर निगम में शिकायतें दर्ज करवाई हैं, लेकिन हर बार उन्हें आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिला। डबल फाटक के पास वर्षों से यह समस्या बनी हुई है। हमने कई बार अधिकारियों को अवगत करवाया है, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया।

### समय पर कूड़ा न उठानें का आरोप

स्थानीय लोगों का आरोप है कि न तो समय पर कूड़ा उठाया जाता है और न ही साफ-सफाई की कोई नियमित व्यवस्था है। कई बार तो हफ्तों तक कूड़े के ढेर ज्यों के त्यों पड़े रहते हैं, जिससे न केवल दुर्गंध फैलती है, बल्कि संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ जाता है। क्षेत्र में पशुओं की भी आवाजाही रहती है, जो कूड़े में मुंह मारते हैं और उसे इधर-उधर फैला देते हैं। लोगों ने यह भी बताया कि वार्ड में नालियों की सफाई भी नहीं होती, जिससे पानी रुक जाता है और गंदगी फैल जाती है। पिछले साल भी इसी तरह की स्थिति बनी थी जब कई बच्चे और बुजुर्ग बीमार पड़े थे। लोगों ने नगर निगम से मांग की है कि क्षेत्र में नियमित कूड़ा प्रबंधन की व्यवस्था की जाए, सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी तय हो और डबल फाटक क्षेत्र में एक स्थायी डस्टबिन या कूड़ा निस्तारण केंद्र बनाया जाए।

बारिश में स्थिति भयावह हो जाती है, लोग कूड़े और कीचड़ के बीच से होकर गुजरने को मजबूर होते हैं। बीमारियों का खतरा लगातार बना रहता है, खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए ये बेहद खतरनाक है।

# शहर में सफाई व्यवस्था चरमराई, गंदगी से परेशान हो रहे लोग : गौरव मित्तल

- जगह-जगह कीचड़ होने बढ़ी दिक्कत

**रोहतक।** बरसात के मौसम की दस्तक के साथ ही शहर में सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई है। हरियाणा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष और घड़ी एसोसिएशन के प्रधान गौरव मित्तल ने शहर की बदहाल सफाई व्यवस्था पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि सफाई के नाम पर सिर्फ लीपापोती हो रही है और हालत ये है कि स्वयं वार्ड पार्षद भी लाचार नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर गली-मोहल्ले में कीचड़, गंदगी और जाम पड़ी नालियों की स्थिति देखकर यह स्पष्ट हो जाता है कि नगर निगम प्रशासन पूरी तरह से निष्क्रिय है। शहर की गलियों में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं, जिससे न सिर्फ बदबू और अस्वच्छता फैल रही है, बल्कि संक्रामक बीमारियों का खतरा भी तेजी से बढ़ रहा है। अब जब मानसून सक्रिय हो चुका है, तो जलभराव की समस्या और अधिक गंभीर हो जाएगी। हर बार की तरह बरसात के दिनों में सड़कों पर पानी भरने लगता है, जिससे गंदगी और भी अधिक पनपती है।

### नालों की हो सफाई

गौरव मित्तल ने नगर निगम से मांग की है कि बरसात से पहले सभी नालों की तुरंत सफाई कराई जाए और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए ताकि शहरवासियों को राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो व्यापारी वर्ग और नागरिक सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। स्थानीय नागरिकों का भी कहना है कि प्रशासन की अनदेखी से स्थिति हर साल बद से बदतर होती जा रही है। जब तक कोई बड़ी समस्या खड़ी नहीं हो जाती, तब तक अधिकारी सिर्फ कागजी कार्रवाई तक ही सीमित रहते हैं।

# राशन डिपो पर सरसों तेल के दामों में भारी बढ़ोतरी

- गरीब परिवारों को सरसों का तेल 40 रुपये की बजाय 100 रुपये प्रति लीटर की दर से मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा की भाजपा सरकार द्वारा बीपीएल परिवारों को राशन डिपो पर मिलने वाले सरसों के तेल के दामों में की गई 66 प्रतिशत से अधिक वृद्धि को लेकर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। माकपा की हरियाणा राज्य कमेटी ने इस निर्णय को गरीब विरोधी करार देते हुए इसे महंगाई को और भड़काने वाला कदम बताया है। माकपा के राज्य सचिव कामरेड प्रेमचंद ने प्रेस के जारी बयान में कहा कि अब गरीब परिवारों को सरसों का तेल 40 रुपये की बजाय 100 रुपये प्रति लीटर की दर से मिलेगा, जो कि सीधे-सीधे गरीबों की थाली पर हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार लगातार आम जनता पर आर्थिक बोझ डाल रही है। उन्होंने याद दिलाया कि इससे पहले अप्रैल महीने में रसोई गैस सिलेंडर के दामों में 50 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी, और वर्तमान में सिलेंडर की कीमत 855 तक पहुंच चुकी है, जो कि भाजपा शासन के पहले की तुलना में दोगुनी से अधिक है। इसके साथ ही पेट्रोल-डीजल की कीमतें, टोल टैक्स, रेल भाड़ा और बिजली दरों में वृद्धि ने आम जनता की कमर तोड़ दी है।

### माकपा बोली भाजपा सरकार ने गरीबों पर डाला महंगाई का बोझ

#### यह आरोप लगाए

कामरेड प्रेमचंद ने कहा कि हरियाणा में गरीबी, बेरोजगारी और असमानता तेजी से बढ़ी है। प्रदेश की लगभग 70 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रही है। उन्होंने कहा कि 2015 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 67,649 घर बनाने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन 2022 तक केवल 12.89 प्रतिशत यानी 12,789 घर ही बनाए गए।

#### यह है मांगें

उन्होंने कहा कि राशन प्रणाली को सार्वभौमिक बनाया जाए, सरसों के तेल समेत सभी आवश्यक वस्तुएं सस्ते दामों पर दी जाएं, साल में 12 गैस सिलेंडर सब्सिडी पर मिलें, पेट्रोल-डीजल पर अधिभार हटाया जाए, वर्षों से सरकारी व शामलात भूमि पर रह रहे लोगों को उजाड़ा न जाए, गरीबों को घर और रोजगार दिया जाए।


दमा एलर्जी जोड़ों का दर्द
डॉ. रघुबीर सिंह Acu. M.D.
MOB. 8949456862
फोन पर सम्पर्क करने का समयः प्रातः 8 बजे से सायं 6 बजे तक
शूगर पुराना नजला का इलाज बिना दवा चीनी मशीन द्वारा
विज्ञापन

झज्जर : हर शुक्रवार को मिलें
श्रीकृष्ण भवन धर्मशाला
सब्जी मण्डी के सामने, गुड़गांव रोड़, सिलानी गेट
समय : प्रातः 8:00 से 11 :00 बजे तक


रोहतकः हर शुक्रवार को मिलें
ईवान होटल (कर्ण होटल)
समय : दोपहर 1:00 बजे से सायं 4:00 बजे
निकट मानसरोवर पार्क लाईन, दिल्ली रोड



न्यूरों से संबंधित सभी बीमारियों का एक्यूपंचर द्वारा उपचार
साइटिका सर्वाइकल, फ्रोजन शोल्डर, माइग्रेन, कंधे का दर्द, कमर के हिस्से से पर तक होने वाला दर्द, स्लिप डिस्क, कमर दर्द, हाथों की उंगलियों का कम काम करना, हाथ में लगातार रहने वाला दर्द एवं अन्य लाईलाज न्यूरों की विभिन्न बीमारियों का सफल उपचार।

दमा, एलर्जी, जोड़ों का दर्द, शुगर, नजला का ईलाज एक्यूपेंचर द्वारा किया जाता है।

आज भारत में करोड़ों लोग अस्थमा रोग के शिकार है। अस्थमा का उचित उपचार न करने के कारणप हर वर्ष हजारों लोगों की मृत्यु भी हो जाती है। अस्थमा रोग किसी भी आयु के व्यक्ति को हो सकता है। अस्थता / दमा यह एक एलर्जी रोग है जिसका समय पर उपचार न करने से रोगी व्यक्ति की हालत गंभीर हो सकती है। अस्थमा का रोकथाम करने के लिए रोगी व्यक्ति को दिए, जाने वाले उपचार की जानकारी और महत्व पता होना जरूरी है।
- श्वसनी दमा फेफड़ों की ऐसी समस्या है, जिससे श्वास नली में बाधा आती है।
- अलग अलग बच्चों में अस्थमा के लक्ष्ण अलग होते है और ये लक्षण एक ही बच्चें में बदलते भी रहते है।
- अस्थमा में श्वास नली पूरी तरह बंद हो जाती हैं, जिससे शरीर के महत्वपूर्ण अंगों को आक्सीजन की आपूर्ति बंद हो सकती है।
- अस्थमा सांस संबंधी रोग है जिसमें व्यक्ति को सांस लेने और छोड़ने में परेशानी होती है। दवाओं के जरिये इसे नियंत्रित तो किया जा सकता है लेकिन ठीक नहीं किया जा सकता है। हमारे इलाज से रोगी को पूर्णतः ठीक किया जाता है।



कौन से ऐसे कारण है जिनसे एलर्जी होती है।
एलर्जी हमारे दैनिक जीवन में भ्रमण करते हुए हमारे आसपास के माहौल/वातावरण से कई कारणों से हा सकती है जैसे पेड़, पौधे, धूल, मिट्टी, पालतु जानवर, दवाएं एवं खाने-पीने की वस्तुएं इत्यादि।
1. एक परिवार के विभिन्न सदस्यों, महिला, पुरूष, बच्चे या वृद्ध की विभिन्न वस्तुओं से एलर्जी हो सकते है। 2. कुछ तो फूलों को छूने से एलर्जी हो सकती है। 3. दूध, दही, मांस, मछली का सेवन करने से भी एलर्जी हो सकती है। 4. पॉलीथीन एवं नायलॉन के साथ भी एलर्जी हो सकती है। 5. सौंदर्य प्रसाधनों के प्रयोग से भी एलर्जी हो सकती है।



गठियाः डाक्टर ने बताया कि गठिया शरीर के किसी भी एक जोड़ से दर्द शुरू होता है और धीरे-धीरे शरीर के सभी जोड़ प्रभावित होते हैं। सभी जोड़ों में असहनीय दर्द होता है। गठिया का रोगी सालों इलाज करवा कर भी ठीक नहीं हो पाते और डाक्टर कते हैं कि गठिया में सारी उमर दवा खानी पड़ेगी और दवा खाते रोगी के अंग भी टेढे-मेढे होने लगते हैं, रोगी बिस्तर पर चला जाता है और चलने फिरने से लाचार हो जाता है। डाक्टर कहते है कि एक्यूपेंचर द्वारा गठिया चाहे कितना पुराना भी हो, गठिया रोग जड़ से खत्म हो जाता है।



❖ क्या आपका चलना-फिरना, उठना-बैठना, सीढ़िया चढ़ना-उतरना या आपके घुटनों की ग्रीस खत्म हो गई है?
❖ क्या आपके घुटने टेढ़े-मेढ़े हो गए है?
❖ क्या डॉटरों ने आपको ऑप्रेशन करवाने की सलाह दी है? ऑप्रेशन से पहले एक बार अपने घुटने हमारे अस्पताल में जरूर आकर दिखाए। आपको ऑप्रेशन करवाने की जरूरत नहीं पड़ेगी बिना ऑप्रेशन आपके घुटने बिल्कुल सीधे और ठीक हो जायेंगे। कुछ ही दिनों में आराम आना शुरू हो जाएगा।

गठिया रोग (पुराने से पुराना)
घुटनों का दर्द
हिप ज्वाईंट पेन
सर्वाइकल स्पॉंडिलोसिस
कमर दर्द
शुगर व बी.पी.




कृप्या ध्यानपूर्वक पढ़े
दमा, एलर्जी क्लीनिक के संचालक डॉ. रघुबीर सिंह यादव का कहना कि विशेष मशीनों नजला रोगियों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस पद्धति में रोगी को कोई दवाई लेने की जरूरत नहीं होती। डॉ. यादव का कहना है कि इस बीमारी का प्रकोप अब बूढ़े और जवान व्यक्ति के अलावा बच्चों में भी बहुत अधिक हो रहा। रोगी को चाहिए की इलाज में लापरवाही नहीं बरते और अंग्रेजी दवाई से बचना चाहिए क्योंकि अंग्रेजी दवाई आपके शरीर को नुकसान पहुँचती हे। नजला एक विजातीय द्रव्य है। हमारे सिर में एक आलफैक्ट्री वाल्व होती है। जिसमें यह जमा रहता है। इसकी सात वाल्व होती है। इसके लीक होने के कई कारण होते है जैसे सर्द-गर्म का बिगड़ना, कफ की अधिकता, सहवास के बाद हवा लगना आदि। नाक के मस्से बढ़ना, नाक रूकना, छींके आना, एलर्जी इत्यादि पहली तीन वाल्व लीक होने से होता है। इसके बाद वाली चार वाल्व लीक होने से यह विजातीय द्रव्य (नजला) गले में अंदर गिरने लगता है, जिसमें सांस की नली जाम हो जाती है। एलर्जी का कोई भी कारण हो यहां ईलाज लेने से रोगी उम्र भर के लिए ठीक हो जाता है। डॉ. यादव के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में दमा मरीजों की संख्या ज्यादा हो रही है। लगातार धूम्रपान करने एवं वातावरण में व्याप्त धूल के कण हवा के कारण यह बढ़ रही है। अगर इसका सही समय पर ईलाज नहीं किया जाता है तो कैंसर होने का खतरा रहता है। कभी-कभी तो आदमी की मौत भी हो जाती है। आजकल यह एक घातक बीमारी सिद्ध हो रही है। इसलिए सही समय के रहते डॉक्टर के पास जांच करवानी चाहिए। यहां इन बीमारियों का ईलाज चीनी पद्धति से किया जाता है। इसमें शरीर में निश्चित बिन्दू होते है, इन बिन्दुओं पर विशेष मशीनों से ईलाज किया जाता है। इसमें कोई चीरे की जरूरत नहीं पड़ती है। हजारों मरीज हमारे यहां फायदा उठा चुके है और उठा रहे है।



विज्ञापन कभी कभी प्रकाशित होता है। विज्ञापन की कटिंग साथ लाऐं।

आइये जाने क्या है एलर्जी
प्रत्येक मनुष्य भले महिला हो या पुरूष में कुदरत ने बाहरी तत्वों को सहन करने की खास ताकत दी है। फिर भी कई बार ऐसे तत्व जो मनुष्य के शरीर पर दुष्प्रभाव डालने वाले एवं शरीर के भीतर पहुंचने की कोशिश कतेर हैं, तब शरीर के आंतरिक तत्व हलचल में आकर उन उल्टे तत्वों के प्रभाव को शरीर पर पड़ने की कोशिश को रोकते हैं। इस तरह की प्रक्रिया एलर्जी की उत्पत्ति का कारण बनती है।
एलर्जी के लक्षण : ❖ शरीर में खुजली ❖ चमड़ी का लाला होना ❖ लाल दाने होना ❖ शरीर में दाने वाली जगह पर सूजन होना। ❖ एलर्जी होने से 'एग्जिमा' नाम की बीमारी भी हो जाती है, जिससे जोर से खारिश होना या उस जगह पर पानी का रिसाव होने लगता है। ❖ एलर्जी के कारण कुछ लोगों को अस्थमा नाम की बीमारी हो जाती है। इस स्थिति में रोगी को सांस लेने में परेशानी आती है, फेफड़ों में सूजन होना व जलन होना। ❖ छींकों का आना, नाक बंद होना, नाक की हड्डी टेडी होना, जुकाम होना। ❖ गले में तेज जलन एवं दर्द होना ❖ पेट का दर्द होना ❖ चेहरा, होंट, आंखों में सूजन ❖ जी मिचलाना एवं डायरिया ❖ खाने में तकलीफ



## दिल्ली बाईपास से लेकर बोहर पुल तक पसरी गंदगी बनी परेशानी

# सफाई ठेका समाप्त होते ही नहरों में गंदगी बढ़ी, प्रदूषण बना गंभीर चिंता का विषय

### पसरी गंदगी से बीमारियां फैलने का सता रहा डर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



रोहतक। नहर के किनारे पसरी गंदगी। फोटो : हरिभूमि



रोहतक। नहर के किनारे पसरी गंदगी। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम सफाई का ठेका समाप्त हुए अभी महज दो दिन ही बीते हैं, लेकिन शहर की नहरों पर इसका दुष्प्रभाव साफ तौर पर देखा जा सकता है। शहरवासियों द्वारा अपने घरों का कचरा, प्लास्टिक, टूटी मूर्तियां, मरे हुए मुर्गे और अन्य गंदगी को प्लास्टिक के लिफाफों में बंद कर नहरों में फेंकने की घटनाएँ तेजी से बढ़ रही हैं।

समाजसेवी कैप्टन जगबीर मलिक ने बताया कि दिल्ली बाईपास से लेकर बोहर पुल तक और बीच के कई अन्य पुलों पर यह स्थिति गंभीर होती जा रही है। नहरों के किनारे लगे कूड़े के ढेर और तैरते प्लास्टिक के थैले इस बात का प्रमाण हैं कि लोग जल की पवित्रता और उसके महत्व को भूलते जा रहे हैं। यह स्थिति केवल एक स्थानीय समस्या नहीं है, बल्कि एक बहु-जनपदीय संकट का रूप ले सकती है। बताया गया है कि यही नहर का पानी रोहतक, झज्जर, दादरी, महेन्द्रगढ़ और रेवाड़ी जिलों में पीने व सिंचाई के लिए भेजा जाता है। यदि इस पानी में निरंतर रूप से कचरा व अपशिष्ट सामग्री मिलती रही, तो यह जनस्वास्थ्य पर गहरा दुष्प्रभाव डाल सकता है। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से अपील की है कि इस समस्या को हल्के में न लिया जाए। लोगों द्वारा चेतावनियों के बावजूद नहरों में कचरा डालना यह दर्शाता है कि सख्ती के बिना समाधान संभव नहीं है। कई लोग तो प्रशासनिक अनुरोध की भी अवहेलना करते हुए कचरा नहर में या उसके किनारों पर फेंककर भाग जाते हैं।

### नहरों पर हो निगम कर्मियों की तैनाती

*समाजसेवियों ने नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन से मांग की है कि नहरों के पुलों पर सुबह और शाम पुलिस या निगम के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए, ताकि लोगों को ऐसा करने से रोका जा सके। साथ ही, कानूनी प्रावधानों का कड़ाई से पालन करवाया जाए, ताकि नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई हो सके। लोगों ने यह भी कहा है कि जल की स्वच्छता केवल धार्मिक भावना का नहीं, सार्वजनिक स्वास्थ्य का भी मुद्दा है। जब पानी साफ रहेगा तभी नागरिक स्वस्थ रहेंगे। यदि यही हाल रहा तो आने वाले समय में यह बड़ी स्वास्थ्य आपदा का रूप ले सकता है।*

# एसआरएस स्कूल में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण में करवाई ड्रिल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



हरियाणा कन्या वाहिनी एनसीसी रोहतक द्वारा एसआरएस स्कूल में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण में ड्रिल प्रतियोगिता करवाया गया। कमान अधिकारी कर्नल अमित मैथ्यू के अनुसार 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान ड्रिल कॉम्पिटिशन सभी कैडेटों के लिए अत्यंत रोमांचक और जोश से भर देने वाला होता है। एनसीसी यूनिफॉर्म में तैयार कैडेट कंपीटिशन के दौरान कदम से कदम मिलते हुए जोश के साथ विजई होने के साझा लक्ष्य की दिशा में कठिन परिश्रम कर रहे थे। तत्पश्चात सभी कैडेटों को शैक्षणिक भ्रमण पर भी ले जाया गया। जिसमें एमएसएमई संस्थान ले जाकर कैडेटों को सूक्ष्म लघु उद्यम शुरू करने और उसके लिए आवश्यक कौशल प्रशिक्षण संबंधित कोर्सेस की जानकारी दी गई। डीजीएम नरेश जैन के सहयोग से आयोजित यह शैक्षणिक भ्रमण कैडेटों के लिए बेहद लाभदायक रहा। इसके लिए सूबेदार मेजर वीरसिंह जी के द्वारा 2 हरियाणा कन्या वाहिनी की तरफ से मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी के साथ आई एम टी रोहतक में ही स्थित फुटवियर डिजाइन डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट भी शैक्षिक भ्रमण के लिए ले जाया गया। माननीय प्रधानमंत्री जी की पहल से स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास की दिशा में अग्रसर तकनीकी एवं औद्योगिक संस्थानों के भ्रमण करने से कैडेटों के लिए करियर संबंधित जानकारी लेने में विशेष मदद मिली।

## वीटा प्लांट के रक्तदान शिविर में 113 ने किया रक्तदान




रोहतक। वीटा प्लांट में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 113 रक्तवीरों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीईओ जयवीर सिंह ने की। शिविर में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान झज्जर, ब्लड बैंक की टीम ने रक्त एकत्रित करने में विशेष सहयोग किया। सीईओ जयवीर सिंह ने कहा कि रक्तदान सबसे पुनीत कार्य है। क्योंकि यह निस्वार्थ भाव से किया गया दान है, जो किसका जीवन बचाएगा यह रक्तदान करने वाले को भी नहीं पता होता। इसलिए सबसे पुण्य माना जाता है, और रक्तदान को महादान कहा गया। उन्होंने युवाओं को रक्तदान के प्रति मोटिवेट करते हुए कहा कहा कि आपातकाल की स्थिति में एक व्यक्ति द्वारा किए गए रक्तदान से चार गंभीर मरीजों की जान बचाई जा सकती है। इस अवसर पर मार्केटिंग इंचार्ज सुनील कुमार, प्रोक्योरमेंट के इंचार्ज संदीप कुमार, प्रोडक्शं इंचार्ज संदीप सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



रोहतक। सेमिनार में मौजूद शिक्षिकाएं। फोटो : हरिभूमि

## मॉडल स्कूल में बेसिक कंप्यूटर स्किल्स' पर हुआ सेमिनार

**रोहतक।** आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल ने बेसिक कंप्यूटर स्किल्स' विषय पर अध्यापकों के लिए सेमिनार का आयोजन किया। सीबीएसई के निर्देशानुसार इन-हाऊस प्रशिक्षण के तहत मॉडल स्कूल आंबेडकर चौक में प्रधानाचार्या डॉ. अरुणा तनेजा के मार्गदर्शन में 'बेसिक कंप्यूटर स्किल्स' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें सभी शिक्षकों ने भाग लिया। प्रधानाचार्या ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कार्यशाला का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आज हम सब एक ऐसे दौर से गुजर रहे हैं, जहां अध्यापकों को अपनी शिक्षण प्रक्रिया के लिए कंप्यूटर की मूलभूत जानकारियों की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के शिक्षण, प्रश्न पत्र बनाना, उनके अंक अपलोड करना और सीबीएसई द्वारा आयोजित विभिन्न ट्रेनिंग कार्यक्रमों में भाग लेना आदि के लिए कंप्यूटर की मूलभूत जानकारी की बहुत अधिक आवश्यकता है। कार्यशाला में मुख्य स्त्रोत व्यक्ति प्रिया मग्गू और नीलम मल्होत्रा रही। दोनों स्त्रोत व्यक्तियों ने एम एस वर्ड और पावर पॉइंट के बारे में विभिन्न जानकारियां दी। कार्यक्रम की समाप्ति पर शिक्षकों ने कार्यशाला को महत्त्वपूर्ण और लाभदायक बताया ।


## सीएम आवास के घेराव में भाग लेंगे कर्मचारी

**महम।** कुरुक्षेत्र में 15 जुलाई को प्रस्तावित सीएम आवास के घेराव कार्यक्रम में महम से भी कर्मचारी भाग लेंगे। बुधवार को महम में हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन चरखी दादरी की स्थानीय शाखा के कर्मचारियों की एक बैठक हुई। बैठक का संचालन ब्रांच सचिव सतीश पूनतिया ने किया। जबकि बैठक की अध्यक्षता राजेश शर्मा ने की। मीटिंग में हरियाणा सरकार के खिलाफ आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में महम से पहुंचने का आह्वान किया गया। कहा कि सरकार कर्मचारियों के खिलाफ दमनकारी नीति अपना रही है। 15 जुलाई को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। बैठक में राज्य उपप्रधान दलबीर सैनी, जिला प्रधान अनिल बल्हारा, जिला सचिव सज्जन सिंह, ब्रांच कोषाध्यक्ष मुकेश धमीजा आदि रहे।

### सूचना

हम, रतनी देवी पत्नी श्री महेश चन्द्र व महेश चन्द्र पुत्र श्री गणपत राय निवासी मकान नंबर-528, सैक्टर-14, रोहतक, हरियाणा बयान करते हैं कि हमारा पुत्र अमित शर्मा व पुत्रवधु मनीषा शर्मा तथा उनकी बेटी हनविका हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



## खबर संक्षेप



### इनर व्हील क्लब प्रेसिडेंट ने कार्यभार ग्रहण किया

**रोहतक।** इनर व्हील रोहतक क्लब की नई कार्यकारिणी ने कार्यभार ग्रहण कर लिया । नई प्रेसिडेंट डॉक्टर कमलेश मलिक का पूर्व प्रेसिडेंट ने विधिवत चार्ज हेंडओवर किया। इस मौके पर क्लब के एग्जीक्यूटिव सदस्यों ने आगे के रोडमैप को सफल बनाने हेतु सुझाव दिए । इस वर्ष क्लब की थीम है स्टेप अप एंड लीड बाई एग्जामपल है। क्लब की सेक्रेटरी अंजू जैन, वाइस प्रेसिडेंट डॉ किरण सोनी,ट्रेजरर पूनम गुप्ता, आईएसओ शकुंतला मेहता एवं क्लब एडिटर डॉ. सोनिया मलिक ने विश्वास दिलाया की अपनी सामाजिक उत्तरदायित्व का सभी भली भांति निर्वाह करते हुए रोहतक इनरव्हील को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। इस मौके पर क्लब के सदस्यों ने शहर के चिकित्सकों एवं चार्टेड अकाउंटेंट्स को सम्मानित किया।

### विवाह शगुन योजना की राशि में की बढ़ोतरी

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार ने गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों की शादी को लेकर एक और सराहनीय कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत दी जाने वाली शगुन राशि में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है। अब पिछड़ा वर्ग परिवार को विवाह के अवसर पर कन्यादान के रूप में 51 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इससे पहले यह राशि 41 हजार रुपये थी।धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस निर्णय से 1.80 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले हजारों पात्र परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा।

### पुरस्कार के लिए 31 तक करें आवेदन

**महम।** राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार के लिए आवेदन मांगे गए हैं। 31 जुलाई तक इस पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। महम के एसडीएम मुकुंद ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों नामत पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री के लिए गृह मंत्रालय की ओर से ऑनलाइन नामांकन करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। मुकुंद ने बताया कि नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे।

गुप्त सूचना के आधार पर सैमाण चुंगी पर मकान में छापा

# महम में सीएम फ्लाइंग ने पकड़ी नकली देसी घी बनाने की फैक्ट्री, 1 हजार लीटर घी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

कस्बा महम में सैमाण चुंगी पर एक मकान में छापा मारकर सीएम फ्लाइंग व फूड एंड सप्लाई विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए नकली देशी घी बनाने की फैक्ट्री पकड़ी है। छापामार कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा आपूर्ति विभाग से डॉ. योगेश, सीएम फ्लाइंग के सब इंस्पेक्टर रामनिवास, एएसआई जय भगवान, एएसआई दिनेश, एएसआई सहदेव एव सीआईडी से सब इंस्पेक्टर अनिल ढुल उपस्थित रहे। खाद्य सुरक्षा एवं आपूर्ति विभाग से डॉक्टर योगेश ने बताया कि मौके से एक हजार लीटर कच्चा सामान बरामद किया गया है। फैक्ट्री में रिफाइंड व वनस्पति घी को मिलाकर देशी घी के नाम के स्टीकर लगाकर उसे शुद्ध देशी बताकर बेचा जा रहा था। उड़नदस्ते को गुप्त सूचना मिली थी कि उजाला नगर निवासी संजय ने बाला जी फूड्स के नाम पर फर्म बना रखी है। जिसमें नकली देशी घी तैयार किया जा रहा है।मौके पर जाकर देखा तो वहां पर रिफाइंड व वनस्पति घी के टिन भारी मात्रा में मिले। कारिंदे रिफाइंड में वनस्पति घी व अन्य प्रोडक्ट मिलाकर नकली देसी घी तैयार करने में जुटे हुए थे। पूछताछ में वहां पर कार्य कर रहे लोगों की पहचान अर्जुन रिहार पुत्र सुदामा निवासी गांव बंदूपुरा जिला ग्वालियर मध्य प्रदेश, अखिलेश परिहार पुत्र शैतान सिंह निवासी राम पहाड़ी गाना सुनारिया जिला शिवपुरी मध्य प्रदेश, विपिन पुत्र छुहारे निवासी गेंदवा गोपालपुर बलरई जिला इटावा यूपी मिले। डॉ. योगेश द्वारा इसकी शिकायत महम पुलिस चौकी में दी।



**रोहतक।** फैक्ट्री में जांच करती सीएम फ्लाइंग की टीम।



**रोहतक।** इस मकान में चल रही थी फैक्ट्री।



**रोहतक।** छापेमारी के दौरान टीम को फैक्ट्री से मिला सामान।

### टीम को 78 टीन, दो टेट्रा पैकिंग सील मशीन मिली

मौके पर पहुंची पुलिस ने 78 टीन बरामद किए हैं। बताया कि मौके से एक लीटर की पैकिंग पर गाय का देशी घी अंकित किया गया था। पुलिस ने फैक्ट्री से खुला घी, सोयाबीन तेल,रिफाइंड , एक ब्लेंडर मशीन, दो टेट्रा पैकिंग सील मशीन, एक धी अरांई की मशीन, व दो बेट मशीन सहित 2400 लीटर मिलावटी घी बरामद किया है।



# एमडीयू में बच्चे सीख रहे एआई, कोडिंग और तकनीकी कौशल



हरिभूमि न्यूज. रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के गणित विभाग द्वारा आयोजित समर स्कूल में विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), कोडिंग और अन्य तकनीकी कौशलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रूहिल फ्यूचर टेक्नोलॉजी के सहयोग से आयोजित इस अभिनव पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को 21वीं सदी के कौशलों से लैस करना और उन्हें भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार करना है। गणित विभाग के अध्यक्ष एवं इस कार्यक्रम के संयोजक प्रो. सुमित गिल ने बताया कि विश्वविद्यालय में प्रथम बार प्रारंभ हुए समर स्कूल में भाग ले रहे छात्र न केवल कंप्यूटर प्रोग्रामिंग और एआई के मूल सिद्धांतों को समझ रहे हैं, बल्कि उन्हें रोबोटिक्स, डेटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग जैसी आधुनिक तकनीकों की भी व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है। छात्रों को प्रोजेक्ट-बेस्ड लर्निंग, हैंड्स-ऑन कोडिंग सेशन और इंटरेक्टिव वर्कशॉप के माध्यम से ज्ञान प्रदान किया जा रहा है।प्रो. सुमित गिल ने बताया कि यह समर स्कूल न केवल शैक्षणिक विकास को बढ़ावा देता है, बल्कि विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, समस्या समाधान क्षमता का भी विकास करता है।

# जीडी गोएनका स्कूल ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद छात्रों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज. रोहतक

जीडी गोएनका इंटरनेशनल स्कूल ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद एक भव्य तरीके से छात्रों का स्वागत किया। इस अवसर पर, बच्चों का स्वागत उनके शिक्षकों ने प्रवेश द्वार पर तिलक समारोह के साथ किया। ढोल की धुनों ने बच्चों को उत्साहित किया और उनके मूड को हल्का और जादुई बना दिया।

स्कूल के निदेशक विक्रांत मायना और सान्या मायना, सह-निदेशक हिमांशु गुप्ता एवं प्रधानाचार्या सविता नेहरा ने सभी बच्चों को स्कूल के पहले दिन हार्दिक अभिनंदन किया और उन्हें आगामी सत्र के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर, स्कूल ने बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव प्रदान करने का प्रयास किया, जिससे वे नए सत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित हों।



# इंडस पब्लिक स्कूल में कार्यशाला का आयोजन, कक्षा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया, 50 शिक्षकों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज. रोहतक

इंडस पब्लिक स्कूल में 2 जुलाई को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विद्यालय के 50 शिक्षकों ने सक्रिय रूप से सहभागिता निभाई। प्रशिक्षण का मार्गदर्शन जसवंती सिंधु द्वारा किया गया।

इस कार्यशाला में शिक्षकों को प्रभावशाली कक्षा संचालन, सकारात्मक शैक्षिक अनुशासन और छात्रों के व्यवहार को विकसित करना, सीखने के लिए अनुकूल माहौल बनाना, जिससे वे सीखने के लिए उत्साहित रहें, शिक्षक-छात्र संबंधों को बेहतर बनाना आदि सिखाया गया। सत्र को रोचक और जीवंत बनाने के लिए समूह गतिविधियां और मनोरंजक खेल करवाए गए।

विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने कहा कि सफल कक्षा प्रबंधन रणनीति के लिए शिक्षक को योजना, संगठन, संचार और सकारात्मक संबंध बनाने जैसे कौशल की आवश्यकता होती है। जिससे विद्यार्थी और शिक्षक दोनों अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सके। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक वशिष्ठ ने कहा कि कक्षा प्रबंधन में शिक्षक की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षक न केवल ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि कक्षा के माहौल को भी व्यवस्थित करते हैं, जिससे छात्रों को प्रभावी ढ़ग से सीखने में मदद मिलती है।



# इनरव्हील क्लब ब्लूमिंगडेल ने राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस के अवसर पर 72 डॉक्टरों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज. रोहतक

इनरव्हील क्लब ब्लूमिंगडेल ने राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, क्लब की प्रधान सिल्की बंसल और सदस्यों ने तीन दिनों में जाने मने कुल 72 विख्यात डॉक्टरों को सम्मानित किया। जिसमे होली हार्ट के डॉ. आदित्य बत्रा, डॉ. अरुण नरूला, डॉ. करण भूटानी, डॉ. अश्वनी चहल को भी सम्मानित किया। यह कार्यक्रम डॉक्टरों की निःस्वार्थ सेवा, समर्पण और समाज के प्रति उनके योगदान को सराहने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। सम्मान समारोह के अंतर्गत डॉक्टरों को प्रशंसा पत्र एवं केक के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने में क्लब की समर्पित टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस पहल में प्रमुख रूप से भाग लेने वाले डॉक्टरों में डॉ. ताशी, पूजा बंसल, शिल्पी जैन, दिव्या मलिक, स्वाति जुनेजा, मान्षा आहूजा, क्षितिजा रावल, समृद्धि जैन, यशिका जैन, डॉ. राशी जैन, करीना अघी, पूजा शर्मा, डॉ. अर्पण, प्रीति बंसल, राधिका बंसल, आकांक्षा बंसल, कृतिका डावरा आदि थे। कार्यक्रम के समापन पर क्लब अध्यक्ष सिल्की बंसल ने कहा कि डॉक्टर हमारे समाज के सच्चे नायक हैं। इनरव्हील क्लब ब्लूमिंगडेल को गर्व है कि हमें इन नायकों को सम्मानित करने का अवसर मिला।



**रोहतक।** डॉ. आदित्य बत्रा को सम्मानित करते पदाधिकारी।

# दिव्यांगजन व वरिष्ठजन की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य : सुमन बाला

हरिभूमि न्यूज. रोहतक

हॉस्पिटल वेलफेयर सेक्शन की चेयरपर्सन एवं जिला उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह की धर्मपत्नी सुमन बाला ने कहा कि दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों की सेवा समाज की सबसे बड़ी सेवा है। चलने-फिरने में असमर्थ वरिष्ठजन व दिव्यांगों की जिंदगी को सुगम बनाने की दिशा में जिला रेडक्रॉस सोसायटी निरंतर कार्य कर रही है। सुमन बाला जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा ग्राम पंचायत बनियानी व अलिम्को कंपनी के सहयोग से बनियानी गांव स्थित कम्यूनिटी सेंटर में आयोजित जांच शिविर में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत के सहयोग से जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा गांव स्तर पर सेवाएं उपलब्ध करवाना सराहनीय है, जिसका लाभ गांव स्तर पर जरूरतमंद व्यक्तियों को मिलता है। जांच शिविर के दौरान वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगों का पंजीकरण किया गया।



**रोहतक।** महिलाओं से मिलती चेयरपर्सन सुमन बाला।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।



तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने काहनौर में गुर्जर चौपाल व आरओ प्लांट का उद्घाटन किया, बोले

# गांवों के विकास में कमी नहीं रहने देगी सरकार

हरिभूमि न्यूज. रोहतक

हरियाणा के विकास एवं पंचायत, भूगर्भ एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नेतृत्व वाले राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र के विकास में कमी नहीं आने देगी। पंवार बुधवार को गांव काहनौर में पंचायत विभाग द्वारा बनाई गई गुर्जर चौपाल व आर.ओ. प्लांट का उद्घाटन करने के उपरांत सामुदायिक केंद्र में मौजूद ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। गुर्जर चौपाल के निर्माण पर लगभग 40 लाख रुपये की राशि खर्च की गई है। इसी प्रकार से लगभग 16 लाख रुपये की लागत से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आर.ओ प्लांट लगाया गया है। उन्होंने गुर्जर चौपाल में शौचालय बनवाने के लिए 5 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की। इसके अलावा सामुदायिक केंद्र में ए.सी. लगवाने के लिए अलग से 5 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में हरियाणा में दूसरे नंबर पर रहने वाली एसवीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल काहनौर की छात्रा दिवांशी को 21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की और स्कूल की निदेशक अनीता शर्मा को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नीति के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में तीन कर्म के वे सभी रास्ते जो सिजरा में शामिल है, को पक्का किया जा रहा है।



**रोहतक।** गांव काहनौर में आर .ओ . प्लांट का उद्घाटन करते विकास एवं पंचायत, भूगर्भ एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार।

### 250 गांवों में इंडोर जिम

विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि सरकार की योजना के तहत प्रदेश के 250 गांवों में इंडोर जिम खोले जा चुके हैं और यह सिलसिला लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि व्यायाम शालाओं का सुधारीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नायब सरकार ने प्रदेश के 19 हजार तालाबों का सुधारीकरण करने का निर्णय लिया है।

इनमें 6000 गंदे तालाब है। पहले चरण में 2200 तालाबों का सुधारीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजना के तहत हर गांव में महिला सांस्कृतिक केंद्र स्थापित किया जा रहे हैं, जहां पर महिलाएं भजन-कीर्तन कर सकती हैं। ग्रामीणों ने भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, व डॉ. अशोक रंगा का भी पगड़ी पहनकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, प्रदेश सचिव रेनू डाबला, नरेंद्र खट्टर, कलानौर चेयरमैन नीरज, काहनौर की सरपंच निशा, तैमूरपुर के सरपंच नरेश, जिंदराण के सरपंच धर्मवीर चौहान, माडौधी रागडान के सरपंच विजेंद्र, बल्लम के सरपंच सोमवीर, लाहली की सरपंच कश्मीरी देवी, गरनावठी के सरपंच सतवीर, पिलाना के सरपंच जितेंद्र, मसूदपुर के सरपंच भगवत दयाल, सुंडाना के सरपंच दलेल, साँगाहेडा के सरपंच चुन्नी लाल, सरपंच प्रतिनिधि भूप सिंह, केशव प्रधान, जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा मास्टर चादीराम, अनीता शर्मा, ललित शर्मा, राज चौहान, रोहित, पंच अनिल, पंच विजेंद्र, पंच प्रवीन, पंच दारा, रामकिशन, श्रीभगवान, महावीर गुर्जर, धर्मेंद्र, ब्लॉक समिति के पूर्व मेम्बर महावीर, संजय सेन, अनीता बुधवार, नीरज यादव, नवीन कौशिक, कुलदीप, अनीता पटवार, हितेंद्र खत्री, कपिल खत्री, बॉक्सिंग सुनीता, चुन्नीलाल, भगवत दयाल शर्मा, जितेंद्र, राकेश, नरेश व विजेंद्र आदि मौजूद थे।

### गवर्नमेंट कॉलेज महम में विद्यार्थी कर सकेंगे रोजगारोन्मुखी कोर्स

**महम।** राजकीय महाविद्यालय महम में अब छात्र छात्राएं रोजगारोन्मुखी कोर्स कर सकेंगे। यहां पर अब बीए, बी कॉम की पढाई दूरस्थ शिक्षा द्वारा भी की जा सकेगी। डिस्टेंस एजुकेशन के तहत ही यहां पर डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिकेशन, डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी, डिप्लोमा इन आर्टिफियल इंटेलिजेंस, डिप्लोमा इन डाटा साइंस, डिप्लोमा इन बिजनेस एनालेटिक्स, डिप्लोमा इन सप्लाई चेन एनालेटिक्स, डिप्लोमा इन फाइनेंसियल मार्केट, डिप्लोमा इन बैंकिंग एंड फाइनेंस और डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसलिंग समेत कुल 11 तरह के कोर्स करने की सुविधा रहेगी। प्रिंसिपल रोहित कुमार ने बताया कि उनके महाविद्यालय में जीजेयू हिसार का स्टडी सेंटर खुल गया है। जिसके लिए 2 जुलाई से ऑन लाइन दाखिले शुरू हो गए हैं। ये सभी कोर्स गवर्नमेंट कॉलेज महम में ही करवाए जाएंगे। यहीं से स्टडी मैटिरियल दिया जाएगा और यहीं पर कक्षाएं लगेंगी व यहीं पर परीक्षाएं ली जाएंगी। महम और आस पास के इलाके के विद्यार्थियों के लिए हुनर सीखने का मौका मिला है।